**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान** कल्याण **मंत्रालय**

**कृषि एवं किसान** कल्याण **विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2555**

**14 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ**

**विषय:- सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं**

**2555. श्री जी.एम. सिद्देश्वर:**

**श्री जयंत** सिन्हा:

क्या **कृषि** एवं **किसान** कल्याण **मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों में कृषि कार्य के लिए पानी के कुशल उपयोग में सुधार के लिए बढ़ावा दी गई और कार्यान्वित की गई सूक्ष्म/ड्रिप सिंचाई प्रणालियों का झारखंड सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की तिथि तक उन्नत सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और कवर की गई भूमि का रक़बा झारखंड सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने किसानों की आय पर सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के प्रभाव का अध्यन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को अपनाने वाले किसानों की कुल संख्या राज्य-वार कितनी है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान निर्मित सूक्ष्म जल संचयन संरचनाओं की कुल संख्या राज्य-वार कितनी है?

उत्तर

**कृषि एवं किसान** कल्याण **मंत्री (श्री** नरेंद्र **सिंह तोमर)**

**(क), (ख) और (घ):** भारत सरकार 2015-16 से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी) के प्रति बूंद अधिक फसल घटक के तहत खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए देश में सूक्ष्म सिंचाई अर्थात ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणाली को बढ़ावा दे रही है। पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी के तहत 2015-16 से अब तक देश में सूक्ष्म सिंचाई के तहत कुल 59.37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है। सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत कवर क्षेत्र और पिछले तीन वर्षों सहित पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी की शुरुआत से लाभान्वित किसानों की झारखंड राज्य सहित राज्यवार संख्या अनुलग्नक-**I और II** में दी गई है।

**(ग):** नीति आयोग द्वारा कराई गई इस योजना के हालिया मूल्यांकन अध्ययन से पता चलता है कि सूक्ष्म सिंचाई राष्ट्रीय प्राथमिकताओं जैसे कि खेत में पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार, फसल उत्पादकता में वृद्धि, रोजगार के अवसर पैदा करना आदि को प्राप्त करने की दृष्टि से प्रासंगिक है । इसके अलावा, यह योजना किसानों को उच्च उत्पादकता का लाभ सुनिश्चित करने, उर्वरक के उपयोग को कम करने, श्रम व्यय में कमी, अन्य आदान लागत और किसानों की समग्र आय में वृद्धि के मामले में काफी कारगर रही है।

**(ङ):** सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने के अलावा, पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी सूक्ष्म सिंचाई के लिए स्रोत निर्माण की अनुपूर्ति के लिए सूक्ष्म स्तर के जल भंडारण / संरक्षण गतिविधियों में भी सहायता करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी के तहत लगभग 2.21 लाख जल संचयन संरचनाएं निर्मित की गई हैं। राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

**लो.स.अता.प्र.सं. 2555**

अनुलग्नक- I

**सूक्ष्म सिंचाई पीडीएमसी-पीएमकेएसवाई के अंतर्गत कवर किया गया वर्षवार क्षेत्र (2015-16 से 2021-22)**

**क्षेत्र हेक्टेयर में**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22 (22.11.21 तक)** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 94104 | 141098 | 186441 | 200269 | 122080 | - | | 743992 |
| 2 | बिहार | 5155 | 4228 | 3143 | 924 | 3967 | 1275 | 825 | 19517 |
| 3 | छत्तीसगढ | 8056 | 19227 | 13087 | 18929 | 27688 | 18634 | 1037 | 106658 |
| 4 | गोवा | 92 | 123 | 236 | - | 285 | 132 | | 868 |
| 5 | गुजरात | 142681 | 165948 | 143134 | 140778 | 107649 | 101329 | 46344 | 847863 |
| 6 | हरियाणा | 3117 | 5701 | 10751 | 10469 | 22652 | 12446 | | 65136 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 3306 | 937 | 1197 | 422 | 2573 | 2051 | | 10486 |
| 8 | झारखंड | 4528 | 5810 | 1544 | 3978 | 5989 | 1909 | | 23758 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | - | - | - | - | 70 | 1020 | | 1090 |
| 10 | कर्नाटक | 64220 | 139405 | 236107 | 234853 | 250591 | 321178 | | 1246354 |
| 11 | केरल | 561 | 310 | 358 | 965 | 583 | 389 | | 3166 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 75224 | 54323 | 39761 | 35195 | 14597 | 17717 | 894 | 237711 |
| 13 | महाराष्ट्र | 35242 | 106172 | 132829 | 159959 | 171097 | 49878 | | 655177 |
| 14 | ओडिशा | 2907 | 4611 | 3036 | 10081 | 8498 | 13592 | | 42725 |
| 15 | पंजाब | 1799 | 1950 | 600 | 507 | 942 | 742 | | 6540 |
| 16 | राजस्थान | 56346 | 47650 | 48205 | 53982 | 58573 | 69191 | 37622 | 371569 |
| 17 | तमिलनाडु | 32288 | 44778 | 105695 | 172445 | 263494 | 214147 | 60409 | 893256 |
| 18 | तेलंगाना | 39864 | 61980 | 89474 | 40381 | 4548 | 11308 | 6479 | 254034 |
| 19 | उत्तराखंड | 721 | 3199 | 2182 | 4256.41 | 6790 | 4128 | 3877 | 25153 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 1598 | 32511 | 28235 | 55086 | 56953 | 58104 | 36508 | 268995 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | - | - | 2137 | 13370 | 21824 | 14821 | | 52152 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | - | - | - | 6898 | | 6898 |
| 23 | असम | - | - | 782 | 70 | 10873 | 6731 | 3391 | 21847 |
| 24 | मणिपुर | - | - | - | 1600 | 2554 | 4455 | 4242 | 12851 |
| 25 | मिजोरम | 398 | - | - | - | 2348 | 519 | | 3265 |
| 26 | नागालैंड | - | - | - | - | 2830 | 1520 | 5460 | 9810 |
| 27 | सिक्किम | 773 | - | - | - | 2524 | 3000 | | 6297 |
| | सकल योग | 572980 | 839961 | 1048934 | 1158519 | 1172572 | 937114 | 207088 | 5937168 |

**लो.स.अता.प्र.सं. 2555**

अनुलग्नक- **II**

**पीएमकेएसवाई - प्रति बूंद अधिक फसल के तहत सूक्ष्म सिंचाई को अपनाने वाले किसानों की संख्या 2015-16 to 2021-22 (तक)**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 93622 | 127174 | 163824 | 171535 | 103188 | | | 659343 |
| 2 | बिहार | 3405 | 3877 | 3501 | 2066 | 1718 | 1408 | | 15975 |
| 3 | छत्तीसगढ | 8103 | 20488 | 14071 | 21423 | 31361 | 21470 | 1351 | 118267 |
| 4 | गोवा | - | 130 | 247 | 174 | 93 | 159 | | 803 |
| 5 | गुजरात | 127785 | 118293 | 84365 | 84399 | 76425 | 74414 | 33387 | 599068 |
| 6 | हरियाणा | 13111 | 5961 | 9382 | 9392 | 11861 | 14992 | | 64699 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 2356 | 1845 | 265 | 502 | 4530 | 3000 | 320 | 12818 |
| 8 | झारखंड | 6367 | 3271 | 1521 | 6934 | 10782 | 3148 | | 32023 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | - | - | - | - | 53 | 1020 | | 1073 |
| 10 | कर्नाटक | 112903 | 165795 | 212183 | 227382 | 248937 | 326814 | 820 | 1294834 |
| 11 | केरल | 852 | 758 | 556 | 1803 | 450 | 390 | | 4809 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 41922 | 35732 | 24904 | 26093 | 16193 | 8846 | | 153690 |
| 13 | महाराष्ट्र | 46526 | 124958 | 183300 | 175084 | 199262 | 21980 | | 751110 |
| 14 | ओडिशा | 3312 | 5124 | 6491 | 23168 | 20950 | 463 | | 59508 |
| 15 | पंजाब | 1452 | 1486 | 379 | 337 | 511 | 582 | | 4747 |
| 16 | राजस्थान | 27350 | 24354 | 31397 | 32086 | 42977 | 46849 | 26873 | 231886 |
| 17 | तमिलनाडु | 31614 | 60700 | 3589 | 156056 | 190025 | 208639 | 59440 | 710063 |
| 18 | तेलंगाना | 39545 | 55118 | 83461 | 37596 | 3831 | 9574 | 8075 | 237200 |
| 19 | उत्तराखंड | 1633 | 5220 | 3016 | 9618 | 9472 | 7081 | | 36040 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 1475 | 9454 | 19924 | 38247 | 41842 | 43346 | 22536 | 176824 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | - | 844 | 2574 | 7386 | 18489 | 20207 | | 49500 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | 108 | 2727 | 5296 | 7909 | | 16040 |
| 23 | असम | - | 208 | 744 | 379 | 10949 | 6682 | | 18962 |
| 24 | मणिपुर | 250 | 250 | 361 | 2562 | 4308 | 3308 | 4242 | 15281 |
| 25 | मिजोरम | 221 | 1056 | 1274 | 1165 | 1371 | 952 | | 6039 |
| 26 | नागालैंड | - | - | 143 | 871 | 1347 | 970 | 5460 | 8791 |
| 27 | सिक्किम | 1932 | 1658 | - | 6021 | 4191 | 3580 | 4492 | 21874 |
| | योग | 565736 | 773754 | 851580 | 1045006 | 1060412 | 837783 | 166996 | 5301267 |

**लो.स.अता.प्र.सं. 2555**

अनुलग्नक-**III**

**पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्मित सूक्ष्म जल संचयन संरचनाएं**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 38035 | 35556 | 910 |
| 2 | बिहार | - | 554 | - |
| 3 | छत्तीसगढ | 555 | 700 | - |
| 4 | गोवा | 25 | 168 | - |
| 5 | गुजरात | 1040 | 979 | 289 |
| 6 | हरियाणा | 242 | 368 | - |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 946 | 198 | 123 |
| 8 | झारखंड | 2979 | 1066 | - |
| 9 | कर्नाटक | 3429 | 2842 | 849 |
| 10 | केरल | 545 | 228 | 125 |
| 11 | मध्य प्रदेश | - | - | 87 |
| 12 | महाराष्ट्र | 6867 | 23056 | 300 |
| 13 | ओडिशा | 2254 | 1539 | 341 |
| 14 | पंजाब | 36 | 1 | 6 |
| 15 | राजस्थान | 16478 | 3797 | 3107 |
| 16 | तमिलनाडु | 26279 | 9533 | 1277 |
| 17 | तेलंगाना | 2589 | - | - |
| 18 | उत्तराखंड | 1988 | 1279 | 648 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 4347 | 5363 | 1880 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 912 | 137 | 2 |
| 21 | अरुणाचल प्रदेश | 686 | 817 | - |
| 22 | असम | 70 | 75 | 59 |
| 23 | मणिपुर | 460 | 264 | 128 |
| 24 | मेघालय | 142 | - | - |
| 25 | मिजोरम | 1140 | 705 | 294 |
| 26 | नागालैंड | 4480 | 2029 | 355 |
| 27 | सिक्किम | 582 | 338 | - |
| 28 | त्रिपुरा | 456 | 692 | - |
| 29 | अंडमान निकोबार | 12 | 14 | - |
| 30 | जम्मू और कश्मीर | 352 | 17 | 138 |
| | योग | 117926 | 92315 | 10918 |

**********